भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2219

12 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न

ईएनडब्ल्यूआर प्रणाली

2219. श्री आदित्य यादव:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद (ईएनडब्ल्यूआर) प्रणाली भांडागार क्षेत्र के अंतर्गत व्यापार करने की आसानी में सुधार लाने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सरकार की डिजिटल इंडिया पहल का समर्थन करती है जिससे की पारदर्शिता और कार्यकुशलता में वृद्धि होती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क) और (ख): चूंकि कागज आधारित एनडब्ल्यूआर में हानि, विकृति, क्षति, ओवरराइटिंग, हेराफेरी आदि से संबंधित विभिन्न जोखिम होते थे। इसलिए इन जोखिमों/बाधाओं को दूर करने और एनडब्ल्यूआर की विश्वसनीयता/सत्यनिष्ठा को बढ़ाने के लिए, भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण (डब्ल्यूडीआरए) की परिवर्तन योजना के तहत रिपॉजिटरी के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद (ई एनडब्ल्यूआर) प्रणाली शुरू की गई है, जो ई-एनडब्ल्यूआर पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण और प्रबंधन की सुविधा प्रदान करेगी।

डब्ल्यूडीआरए ने ईएनडब्ल्यूआर के विनियमन के संबंध में 29 जून, 2017 को भांडागारण विकास और विनियामक प्राधिकरण (इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीदें) विनियम, 2017 को अधिसूचित किया और दिनांक 26 सितंबर, 2017 को इलेक्ट्रॉनिक रिपोजिटरी सिस्टम पर पंजीकृत वेयरहाउस द्वारा जारी किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद (ईएनडब्ल्यूआर) की शुरुआत की। डब्ल्यूडीआरए ने यह भी अधिसूचित किया है कि 1 अगस्त 2019 से सभी पंजीकृत वेयरहाउस केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप में एनडब्ल्यूआर जारी करेंगे।

...2/-

ईएनडब्ल्यूआर एक अधिक सुरक्षित दस्तावेज है जो कागज आधारित वेयरहाउस रसीदों/स्टॉक रसीदों की तुलना में संबंधित वेयरहाउस की विश्वसनीयता को बढ़ाता है। कागज आधारित नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद की तुलना में ईएनडब्ल्यूआर के प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं:-

कागज आधारित	**ईएनडब्ल्यूआर**
विभाजित नहीं किया जा सकता	ईएनडब्ल्यूआर को वस्तु के केवल एक भाग को हस्तांतरित करने की बाध्यता के साथ विभाजित किया जा सकता है
हानि, विकृति, छेड़छाड़, सूचना में हेराफेरी आदि की संभावना रहती है।	ऐसी किसी भी घटना की कोई संभावना नहीं है
पारदर्शी तरीके से कुशल समाशोधन और व्यापार में अंतर्निहित कठिनाइयाँ	कृषि उपज के व्यापार में पारदर्शिता के साथ कुशल समाशोधन, निपटान और वितरण प्रणाली को बढ़ावा देता है
एनडब्ल्यूआर की महत्वपूर्ण जानकारी को विभिन्न हितधारकों के साथ साझा करना कठिन है	ईएनडब्ल्यूआर की महत्वपूर्ण जानकारी को बैंकरों, कमोडिटी एक्सचेंजों, सरकार आदि जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ साझा करना आसान है
वास्तविक समय पर निगरानी और निरीक्षण संभव नहीं	चूंकि एनडब्ल्यूआर इलेक्ट्रॉनिक रूप में संग्रहीत है, इसलिए वास्तविक समय पर निगरानी करना संभव है।
बैंक के पक्ष में वेयरहाउस रसीद पर ग्रहणाधिकार एनडब्ल्यूआर पर अंकित है, इसलिए रसीद पर की गई अन्य कार्रवाइयों पर कोई नियंत्रण नहीं है।	ग्रहणाधिकार को इलेक्ट्रॉनिक रूप से चिह्नित किया जा सकता है, ताकि ऐसी रसीदों पर किसी अन्य लेनदेन की अनुमति न दी जा सके।
फर्जी/डुप्लिकेट रसीद के कारण दोहरी फंडिंग की संभावना उत्पन्न हो सकती है	यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती, क्योंकि ग्रहणाधिकार को रिपोजिटरी प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से चिह्नित किया जाता है और ई-एनडब्ल्यूआर चिह्नित ग्रहणाधिकार आगे उधार/परिचालन के लिए उपलब्ध नहीं होगा।

उपरोक्त विभिन्न लाभों के कारण, ई-एनडब्ल्यूआर प्रणाली कृषि उपज के व्यापार में पारदर्शिता के साथ एक कुशल समाशोधन, निपटान और वितरण प्रणाली को बढ़ावा देती है। ई-एनडब्ल्यूआर का उपयोग वस्तु यौगिक बाजारों में माल की डिलीवरी के उद्देश्य से भी किया जाता है। इसलिए, ई-एनडब्ल्यूआर वेयरहाउसिंग क्षेत्र में व्यापार को आसान बनाने को बढ़ावा देता है।

(ग) : उपरोक्त (क) एवं (ख) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए लागू नहीं है।

*****